देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित
www.page3news.in
नगर संस्करण वर्ष 15 अंक: 73 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

विचार-प्रवाह...
ऑनलाइन शिक्षा



# पेज थ्री

देहरादून, रविवार, 14 जून 2020



मौसम अधिकतम $41.0^{0}$ न्यूनतम $26.0^{0}$

33780.89

2 चीन में फिर कोरोना ऐक्टिव

7 शाहिद अफरीदी कोरोना पॉजिटिव

## संक्षिप्त समाचार

### कुलगाम में तैनात सीआरपीएफ के 31 जवान कोरोना संक्रमित

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
कुलगाम। कोरोना कोरोना योद्धाओं को भी चपेट में ले रहा है। महाराष्ट्र समेत पूरे देश में पुलिस के जवान संक्रमित हो रहे हैं। दूसरी तरफ जम्मू-कश्मीर के कुलगाम में तैनात केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के 31 जवान अभी तक कोरोना संक्रमित हो चुके हैं। हाल ही में हुई कॉनटैक्ट ट्रेसिंग के दौरान 28 जवान संक्रमित पाए गए थे, अब यह संख्या बढ़कर 31 हो गई है। जानकारी के मुताबिक, कुलगाम में तैनात सीआरपीएफ की 90 बटैलियन के लगभग 300 जवानों का कोरोना टेस्ट किया गया है।

### आज शाह की एलजी बैजल और केजरीवाल के साथ बैठक

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली में कोरोना संकट बेकाबू होता दिख रहा है। ऐसे में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने रविवार सुबह 11 बजे एक बैठक बुलाई है। इस बैठक में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. हर्षवर्धन, उपराज्यपाल अनिल बैजल, मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और एम्स के डायरेक्टर रणदीप गुलेरिया शामिल होंगे। गृह मंत्रालय के मुताबिक, इस मीटिंग में दिल्ली में कोरोना संकट की स्थिति का जायजा लिया जाएगा जिसमें राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सदस्य भी हिस्सा लेंगे।

### महाराष्ट्र की गठबंधन सरकार में दरार?

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मुंबई। महाराष्ट्र में शिवसेना के नेतृत्व वाली महाराष्ट्र विकास अघाड़ी (एमवीए) सरकार में सब कुछ ठीक नहीं दिख रहा है। सरकार बने अभी छह महीने ही बीते हैं और तनाव के संकेत साफ नजर आ रहे हैं। पहले राहुल गांधी ने कहा कि सरकार के फैसलों में कांग्रेस की भूमिका नहीं है। इसके बाद बालासाहेब थोराट ने भी वही बात दोहराई। अब कांग्रेस के बड़े नेता मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे से मुलाकात की तैयारी कर रहे हैं।

# 333 नए जांबाज तैयार

## भारतीय सैन्य अकादमी में पासिंग आउट परेड का आयोजन

**संवाददाता**

देहरादून। भारतीय सैन्य अकादमी (आइएमए) में शनिवार की सुबह पासिंग आउट परेड का आयोजन किया गया। थलसेना प्रमुख जनरल मनोज मुकुंद नरवणे बतौर रिव्यूइंग आफिसर परेड की सलामी ली। पीपिंग व ओथ सेरेमनी के बाद 423 जेंटलमैन कैडेट बतौर लेफ्टिनेंट देश-विदेश की सेना का अभिन्न अंग बन गए। आइएमए के ऐतिहासिक चेटवुड भवन के सामने ड्रिल स्क्वायर पर सुबह 6 बजकर 35 मिनट पर मार्कर्स कॉल के साथ परेड का आगाज हुआ। कंपनी सार्जेट मेजर अभिमन्यु कौशिक, रोहित कुमार, सूरज राय, प्रिंस राज, नितिन सुरेश व आजिंक्य कलसे ने ड्रिल स्क्वायर पर अपनी-अपनी जगह ली। सुबह 6 बजकर 40 मिनट पर एडवांस कॉल के साथ ही छाती ताने देश के भावी कर्णधार असीम हिम्मत और हौसले के साथ कदम बढ़ाते परिमल पराशर की अगुआई में परेड के लिए पहुंचे। इसके बाद परेड कमांडर शिवकुमार सिंह चौहान ने ड्रिल स्क्वायर पर जगह ली।

पीपिंग व ओथ सेरेमनी के बाद पासिंग आउट बैच के 423 जेंटलमैन कैडेट बतौर लेफ्टिनेंट देश-विदेश की सेना का अभिन्न अंग बन गए। इनमें 333 युवा सैन्य अधिकारी भारतीय थलसेना को मिलें, जबकि 90 युवा सैन्य अधिकारी नौ मित्र देशों अफगानिस्तान, तजाकिस्तान, भूटान, मॉरीशस, मालद्वीव, फिजी, पपुआ न्यू गिनी, श्रीलंका व वियतनाम की सेना का अभिन्न अंग बने।

दून स्थित प्रतिष्ठित भारतीय सैन्य अकादमी के नाम देश-विदेश की सेना को 62 हजार 562 युवा सैन्य अधिकारी देने का गौरव जुड़ गया। इनमें मित्र देशों को मिले 2503 सैन्य अधिकारी भी शामिल हैं।



### ये बने श्रेष्ठ में सर्वश्रेष्ठ

- स्वार्ड आफ आनर-आकाशदीप सिंह ढिल्लों
- स्वर्ण-शिवकुमार सिंह चौहान।
- सिल्वर-सक्षण राणा।
- ब्रांज-सूरज सिंह।
- टीजी सिल्वर-भरत योगेंद्र।
- सर्वश्रेष्ठ विदेशी कैडेट-डोनवान सोन वियतनाम।
- चीफ आफ आर्मी स्टाफ बैनर-अलामिन सिंहगढ कंपनी

### आइएमए से पासआउट कैडेट राज्यवार

आइएमए की पीओपी के मुख्य अतिथि भारतीय सेना प्रमुख जनरल मुकुंद नरवणे परेड मैदान में पहुंचे। जेंटलमैन कैडेट्स ने सलामी देकर उनका स्वागत किया। परेड की अनुमति देने के बाद वे निरीक्षण किया। आइएमए परेड में इस बार कोरोना के लिहाज से हर स्तर पर एहतियात दिख रही है। हर टुकडी में अमूमन दस कैडेट एक लाइन में होते हैं, पर इस बार इनकी संख्या आठ रखी गयी। ताकि कैडेटों के बीच दो मीटर की दूरी बरकरार रहे। कोरोना संक्रमण के चलते इस बार न ही जेंटलमैन कैडेटों के परिजन परेड देखने के लिए पहुंच हैं और ना ही देश-विदेश के गणमान्य लोग व वरिष्ठ सैन्य अधिकारी। इस बार परेड सादगी से हुई।

# उत्तराखंड में मौसम ने बदली करवट

**संवाददाता**

देहरादून। उत्तराखंड में मौसम करवट बदल रहा है। शनिवार को पहाड़ लेकर मैदान तक घने बादल छाए रहे, जबकि देहरादून और मसूरी में तेज हवाओं के साथ बारिश भी हुई। इससे तापमान में गिरवाट दर्ज की गई। बदरीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री में बारिश के आसार बने हुए हैं। मौसम विभाग के अनुसार रविवार को प्रदेश में बारिश के साथ ही तेज हवाए चलने के भी आसार हैं।

प्रदेश के ज्यादातर इलाकों में घने बादल छाए रहे और बारिश हुई। मैदानी क्षेत्रों में लोग उमस से परेशान थे। बारिश से उन्ह्ंहें राहत मिली। देहरादून और मसूरी में शाम करीब सवा चार बजे के बाद अचानक

- देहरादून में तेज हवाओं के साथ हुई बारिश

मौसम ने करवट बदली। तेज हवाओं के साथ बारिश हुई।

देहरादून स्थित राज्य मौसम विज्ञान केंद्र के मुताबिक फिलहाल 15 जून तक प्रदेश के पहाड़ी क्षेत्रों में तेज बारिश की आशंका बनी हुई है। वहीं इस दौरान मैदानी क्षेत्रों में तीस से चालीस किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से हवा चल सकती है। बारिश होने से उमस और गर्मी से कुछ राहत मिल सकती है। इसके अलावा पहाड़ों में बारिश से तापमान में गिरावट आने की उम्मीद है। बागेश्वर के कपकोट में झमाझम बारिश होने से सरयू शनिवार को फिर से उफना गई।

### नेपाली संसद ने विवादित नक्शे को दी मंजूरी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
काठमांडू। नेपाल की संसद ने देश के विवादित राजनीतिक नक्शे को लेकर पेश किए गए संविधान संशोधन विधेयक को मंजूरी दे दी है। वोटिंग के दौरान संसद में विपक्षी नेपाली कांग्रेस और जनता समाजवादी पार्टी-नेपाल ने संविधान की तीसरी अनुसूची में संशोधन से संबंधित सरकार के विधेयक का समर्थन किया। भारत के साथ सीमा गतिरोध के बीच इस नए नक्शे में लिपुलेख, कालापानी और लिम्पियाधुरा को नेपाल ने अपने क्षेत्र में दिखाया है। कानून, न्याय और संसदीय मामलों के मंत्री शिवमाया थुम्भांगफे ने देश के नक्शे में बदलाव के लिए संविधान संशोधन विधेयक पर चर्चा के लिए इसे पेश किया था। नेपाल के 275 सदस्यों वाले निचले सदन में विधेयक को पारित करने के लिये दो तिहाई बहुमत की आवश्यकता होती है। निचले सदन से पारित होने के बाद विधेयक को नेशनल असेंबली में भेजा जाएगा, जहां उसे एक बार फिर इसी प्रक्रिया से होकर गुजरना होगा।

# नेपाल दोस्त, चीन पर पैनी नजरः आर्मी चीफ

## चीन के साथ हमारी सीमाओं पर स्थिति पूरी नियंत्रण में

**संवाददाता**

देहरादून। थलसेना प्रमुख जनरल मनोज मुकुंद नरवणे ने कहा कि मैं सभी को आश्वस्त करना चाहता हूं कि चीन के साथ हमारी सीमाओं पर स्थिति पूरी नियंत्रण में है। सेना प्रमुख ने यह बात शनिवार को भारतीय सैन्य अकादमी, दून में आयोजित पासिंग आउट परेड के बाद मीडिया से बातचीत में कही। नेपाल के मुद्दे पर थल सेनाध्यक्ष ने कहा कि नेपाल से हमारा संबंध हमेशा मजबूत रहा है और भविष्य में भी मजबूत रहेगा।

थलसेना प्रमुख जनरल मनोज मुकुंद नरवणे ने कहा कि चीन के साथ बातचीत का दौर जारी है, जो कोर कमांडर स्तर की वार्ता के साथ शुरू हुई है। स्थानीय स्तर पर समकक्ष रैंक के कमांडरों की बैठकें जारी हैं। हम उम्मीद कर रहे हैं कि हमारे द्वारा किए जा रहे निरंतर संवाद के माध्यम से हम सभी कथित मतभेदों को दूर कर देंगे। उनहोंने कहा कि सब कुछ नियंत्रण में है।

**कश्मीर में मिल रही कामयाबीः** सेना प्रमुख ने जम्मू-कश्मीर और पाकिस्तान को लेकर भी अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि जहां तक जम्मू-कश्मीर और पश्चिमी पड़ोसी (पाकिस्तान) का संबंध है, हमने बहुत सी सफलताएं हासिल की हैं। उन्होंने कहा कि बीते 10-15 दिनों में 15 से ज्यादा आतंकवादी मारे गए हैं। उन्होंने कहा कि यह कामयाबी प्रदेश में काम करने वाले सभी सुरक्षाबलों के बीच घनिष्ठ सहयोग से हासिल की जा सकी है। सेना प्रमुख ने कहा कि कश्मीर में ज्यादातर ऑपरेशन्स स्थानीय लोगों द्वारा दी गई जानकारी के आधार पर संचालित किए गए हैं।

### नेपाल के साथ हमारे संबंध बहुत मजबूत

नरवणे ने कहा, नेपाल के साथ हमारे संबंध बहुत मजबूत हैं। हम भौगोलिक, सांस्कृतिक, ऐतिहासिक और धार्मिक कड़ी से एक-दूसरे से बंधे हैं। हम लोगों के लोगों से मजबूत संबंधों के द्वारा जुड़े हैं। ऐसे में हमारा उनके साथ (नेपाल के साथ) संबंध हमेशा मजबूत रहा है और आगे भी मजबूत रहेगा।

# कम्युनिटी प्रसार पर सच स्वीकारे सरकार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

- भारत दुनिया में कोरोना प्रभावित देशों की सूची में चौथे स्थान पर

नई दिल्ली। देश में कोरोना अब तेजी से पैर पसार रहा है और रोज 10 हजार से अधिक नए मामले सामने आ रहे हैं। भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के सीरो सर्वे के मुताबिक देश में अब तक इसका कम्युनिटी ट्रांसमिशन नहीं हुआ है।
हालांकि, विशेषज्ञों का मानना है कि आईसीएमआर के सर्वे में देश की मौजूदा स्थिति स्पष्ट नहीं होती है और सरकार सचाई स्वीकार करने में हठ दिखा रही है। इन विशेषज्ञों के कहना है कि देश के कई हिस्सों में कोरोना का कम्युनिटी ट्रांसमिशन हो चुका है। सरकार को यह सचाई स्वीकार करना चाहिए ताकि लोगों को लापरवाह होने से बचाया जा सके। देश में कोरोना संक्रमितों की संख्या 3 लाख से ऊपर पहुंच चुकी है। भारत दुनिया में कोरोना से सबसे अधिक प्रभावित देशों की सूची में अमेरिका, ब्राजील और रूस के बाद चौथे स्थान पर है।

Are you Planning to make a Website or already have ?
If yes, then we are here to serve you
What we do
Website Development
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.
Promotion & Branding
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS
Search Engine Optimisation
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.
Contact:
Gadoli Media Ventures
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in